परदेस में जाकर करण जौहर हुए भावुक

मेलबर्न फिल्म समारोह में जहां सिने प्रेमियों ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता भारतीय फिल्म 'बुलबुल कैन सिंग' के जादू का दीदार किया वहीं अगली सुबह शहर में रहने वाले सभी भारतीय फेडरेशन स्क्वायर पर एकत्रित हुए जहां करण जौहर ने पूरे आन बान और शान से भारतीय तिरंगा फहराया। मेलबर्न में यह सालाना सम्मान हर वर्ष भारत के किसी प्रमुख हस्ती को प्रदान किया जाता है जिसे स्वतंत्रता दिवस से पहले भारतीय तिरंगे को फहराने का मौका मिलता है। अपने इस अनोखे अनुभव के बारे में करण जौहर ने बातचीत करते हुए बताया, "आईएफएफएम वास्तव में एक ताकत है और इसे गहराई से समझने की जरूरत है। पिछले दशकों में इसे काफी प्यार और प्रशंसा मिली है। मैं कई समारोहों में गया हूं लेकिन यह समारोह मेलबर्न में रहने वाले सभी लोगों के दिलों के बहुत करीब है। समग्रता में शक्ति होती है। मेरे लिए यह एक असाधारण भावनात्मक क्षण रहा है। यहां आकर अपने राष्ट्रीय ध्वज को फहराने से मुझे अपने महान देश और उसके प्रति दुनिया भर के सभी लोगों के दिलों में प्यार का एहसास हुआ। आज हम एक गौरवान्वित भारतीय हैं, भारत हम सभी के दिलों की धड़कन है। यह सिर्फ एक देश नहीं बल्कि एक भावना है जो साहस, दृढ़ विश्वास और लचीलापन के साथ खड़ा है। वैश्विक क्षेत्र में भारत केवल एक भूमि नहीं एक ताकत है। मैं भारतीय सिनेमा और देश के लिए सभी के प्रेम के प्रति आभारी हूँ।"